उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– **326/08/PCS(Pre-24)/G-2/2024-25** दिनांकः 23 दिसम्बर 2024

<u>विज्ञप्ति</u>

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024
(संशोधित प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रिट याचिका संख्या 596/2024 कुलदीप कुमार राठी व अन्य बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.12.2024 के अनुपालन में सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा के प्रश्न पत्र से एक प्रश्न **(Question No Set A-21, Set B-05, Set C-70 & Set D-49)** को विलोपित किया गया है, जिसके क्रम में सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा के प्रश्नपत्र के लिये संशोधित उत्तर कुंजी के आधार पर अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 शीट्स का पुनर्मूल्यांकन किया गया है। **इस पुनर्मूल्यांकन के क्रम में पूर्व में निर्गत प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम संख्या 142/08/PCS(Pre-24)/G-2/2024-25 दिनांकः 28 अगस्त, 2024 को मा0 आयोग द्वारा निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।** उपरोक्त के क्रम में विज्ञापन के प्राविधानानुसार अर्हकारी द्वितीय प्रश्नपत्र सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक धारित अभ्यर्थियों के प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची तथा अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में उल्लिखित आवेदित पद के दावे के आधार पर **सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024 का संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 23.12.2024** को घोषित किया गया है। संशोधित प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम, कट ऑफ मार्क्स् एवं अभ्यर्थियों के प्राप्तांक आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किये गये हैं। **मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 02, 03, 04 एवं 05 फरवरी, 2025 को किया जाना निर्धारित है।** इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित किये जायेगें।

S/d
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव